जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक :जीविवि/दीक्षांत/2017/364 दिनांक 20/1/17

//अधिसूचना//

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है, कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह दिनांक– 03 मार्च, 2017 को सम्पन्न होने जा रहा है। इस समारोह में मानद् उपाधि, डीएससी, डी.लिट. पीएचडी, एम्.फिल, तथा स्नातकोत्तर के अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की जावेगी। सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे समारोह में उपस्थित होकर अपनी उपाधियाँ प्राप्त करे। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2014–15 एवं 2015–16 में विभिन्न परीक्षाएँ उत्तीर्ण की है। वे उपाधि प्राप्त करने हेतु दिनांक 25 फरवरी, 2017 तक पंजीयन शुल्क रू. 500/– का डिमांड ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम से देय हो, अथवा जीवाजी विश्वविद्यालय के परिसर स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में चालान द्वारा उक्त पंजीयन शुल्क जमा कर, विश्वविद्यालय की उपाधि शाखा में अपना पंजीयन करा सकते हैं। पी.एच.डी, डी.एस.सी. डीलिट. एम.फिल. उपाधि धारकों हेतु पंजीयन शुल्क रुपये 500/– के साथ उपाधि शुल्क रूपयें 280/– कुल रूपये 780/– जमा करना है।

समस्त उपाधि धारको को आवेदन के साथ एक रंगीन पासपोर्ट फोटो, अंतिम वर्ष की अंकसूची की फोटोकॉपी एवं पी.एच.डी, डी.एस.सी, डी.लिट, उपाधि धारको को नोटिफिकेशन की फोटो प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

विस्तृत विवरण एवं प्रपत्र वेबसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

प्रति,

1) **संपादक .... दैनिक समाचार पत्र की ओर इस आशय के साथ कि उक्त अधिसूचना अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के दिनांक 21/01/2017 के अंक में न्यूनतम साईज में प्रकाशित कर देयक भुगतान हेतु कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर भेजने का कष्ट करें।**
2) **वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।**
3) **कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।**
4) **कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।**
5) **श्री संजय बरथरिया, की ओर इस निर्देश के साथ कि वे उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर आज दिनांक 20/01/2017 को अपलोड करें।**

सहायक-कुलसचिव(प्रशा)